# आप सरकार आज आखिरी बजट करेगी पेश, महिलाओं को मिल सकते हैं 1000 रुपये

## समर न्यूज़ की विधानसभा परिसर के बाहर मंत्री हरपाल सिंह चीमा, बरिंदर गोयल, शैरी कलसी, कुलदीप धालीवाल, चेतन जोड़ामाजरा ने की खास बातचीत

समर न्यूज़ | शालू मिरोक/ सारांश
चंडीगढ़



आज आम आदमी पार्टी सरकार कल अपने 5 साल के कार्यकाल का आखिरी बजट पेश करेगी। वित्तमंत्री हरपाल चीमा 2.50 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट पेश करेंगे। पंजाब में अगले साल यानी 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते हुए आप सरकार आखिरी बजट को 'महिलाओं को बिग गिफ्ट' की थीम पर रखेगी। वित्तमंत्री हरपाल चीमा के जरिए सरकार चुनाव से पहले महिलाओं से 2022 में किया चुनावी वादा 2026 में पूरा करेगी। जिसमें हर महिला को 1,000 रुपए प्रति महीने देने के लिए बजट रखा जाएगा। 8 मार्च को संडे है। लेकिन उसी दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है। इसी वजह से आप सरकार खास तौर पर महिलाओं को फोकस करते हुए छुट्टी के दिन बजट पेश कर रही है। पंजाब में करीब 2.13 करोड़ वोटर हैं, जिनमें से 1.01 करोड़ महिला वोटर हैं, ऐसे में आप सरकार इन्हें टारगेट करेगी। वहीं बजट में पंजाबियों को खुश करने में आप सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कोई नया टैक्स नहीं लगेगा। इसके संकेत सरकार ने बजट से पहले ही बिजली सस्ती करके दे दिया है। युवाओं को खुश करने के लिए नई सरकारी नौकरियों का ऐलान होना तय है। शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे पर आप ने 117 में से 92 सीटें जीतकर 2022 में सरकार बनाई थी, ऐसे में इनका बजट भी बढ़ेगा। पिछले साल आप सरकार ने 2.36 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था।

### पिछली सरकारों ने जनता का खून चूसा:ग्यासपुरा

विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा का कहना है कि पिछली सरकारों की ओर से जो बजट पेश किए थे वह आम लोगों के खून चुसने वाले बजट थे। इस लड़ी में चाहे शिअद या कांग्रेस की बात करें इन्होंने पंजाब के लोगों के हितों के लिए कभी कोई विशेष उपराला नहीं किया। पिछली सरकारों की ओर से 25 वर्ष से भी अधिक समय से सड़कों की हालत खस्ता थी जो आप ने आकर सुधार किया। किसानों को बिजली रात के समय में मिलती थी रात के समय वह अपने खेतों को पानी देते थे, आज लोग



उस समय को याद भी नहीं करना चाहते। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने जब भी बात की है वह लोगों के हकों की ही की है। चाहे वो शिक्षा हो या बिजली हो या फिर कुछ और भी हो। लोग 2027 में बता देंगे कि हमने 5 सालों में कितना कार्य किया है। 10 लाख रुपये की स्कीम पर समर न्यूज चैनल पर विधायक ग्यासपुरा ने कहा कि विपक्ष कहते हैं कि हमें कोई एक व्यक्ति का इलाज दिख दें जिसमें 10 लाख की स्कीम के तहत हुआ है लेकिन विधायक ने कुछ व्यक्तियों के नाम के सहित गांव का नाम लेकर बताया कि इनसे जाकर पूछ लीजिए इलाज हुआ है या नहीं, विपक्ष को खुद लोग जवाब दे देंगे। इसके साथ 19 टोल प्लाजे आम आदमी पार्टी सरकार ने बंद किए थे। महिला दिवस के दिन यानि 8 मार्च को आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब महिलाओं के लिए 1000 रुपये का ऐलान करेगी। 16 मार्च को हमें 4 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

### आप सरकार ने किए वादे पूरे: मंत्री चेतन जोड़ामाजरा

चेतन सिंह जोड़ामाजरा का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने पिछले 5 सालों में कोई कार्य नहीं किया है। यदि कांग्रेस पार्टी ने सही दिशा अनुसार कार्य किए होते तो पंजाब के लोग उन्हें 2027 में नकारकर आम आदमी पार्टी को न चुनते। लोगों को पता चल चुका है कि विपक्ष पार्टियां हमें गुमराह करती हैं। कांगेस ने जो वादे किए थे वह सिर्फ वादों तक सीमित रह गए लेकिन जो आम आदमी पार्टी ने वादे किए थे उन्हें पूरा भी किया गया, बिजली माफ की गई, मोहल्ला क्लीनिक खोले गए, 10 लाख रुपये का सेहत बीमा करवाया गय, सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी उन्हें सही किया गया।



### प्रताप बाजवा माफी मांगे: शैरी कलसी

पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं और विधायकों ने बैंड-बाजों के साथ अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बटाला से विधायक अमनशेर सिंह (शैरी कलसी) भी प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा के उस बयान के खिलाफ किया गया है, जिसमें उन्होंने पंजाब सरकार के मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ पर टिप्पणी करते हुए "बैंड बजाने" से जुड़ा कथन किया था। आप नेताओं का कहना था कि इस तरह की टिप्पणी मेहनतकश लोगों और बैंड बजाने वाले समुदाय का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान दलित और श्रमिक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इसी के विरोध में पार्टी



के विधायक और कार्यकर्ता बैंड-बाजों के साथ पंजाब विधानसभा परिसर के बाहर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए प्रताप सिंह बाजवा से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने स्मार्ट मोबाइल फोन देने को कहा था, किसानों का कर्ज माफ करना था, लेपटॉप देने के लिए कहा था, घर घर नौकरी देने की बात कही थी यहां तक गुटखा साहिब पकड़कर किए गए वादे भी वादों तक ही सीमित रह गए, इसके विपरीत आम आदमी पार्टी की सरकार ने शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों का ढांचा सही किया, सरकारी टीचर पक्के किए गए, 90 प्रतिशत लोगों के घरों में बिजली फ्री आती है, स्वास्थ्य को लेकर बीमे की स्कीम की सुविधा और भी जो वादे किए थे वह ग्राउंड पर आने से पहले पूरे करेंगे। प्रदर्शन के दौरान माहौल काफी गरम रहा और कई आप नेता बैंड की धुन पर विरोध जताते नजर आए। वहीं विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को विधानसभा की गरिमा के खिलाफ बताते हुए इसे सुरक्षा नियमों का उल्लंघन बताया। विपक्ष ने इस मामले की जांच करवाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग भी की।

### 2027 में जनता बजाएगी कांग्रेस का बैंड: धालीवाल

विधायक कुलदीप धालीवाल ने कहा कि 75 साल कांग्रेस पार्टी ने लोगों को लूटा है। कांग्रेस पार्टी के अहंकारी नेता जो लोगों पर आए दिन अपशबद बोलकर अत्याचार करते हैं, उन्हें नीचा दिखाते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के अहंकारी नेताओं के खिलाफ बैंड बजाकर अनोखा प्रदर्शन किया है। कुलदीप धालीवाल मंत्री के अनुसार यह बैंड तब तक जारी रहेगा जब तक पंजाब के लोग 2027 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी का बैंड नहीं बजा देते। इस मौके उन्होंने बजट पर बात करते कहा कि लोगों के लिए जो बजट पेश किया गया है वह आम लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।



### आप सरकार का आखिरी बजट जनता के हित में: हरपाल चीमा

कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने महिलाओं के लिए खुशखबरी देते हुए कहा कि महिला दिवस के मौके पर पंजाब की महिलाओं को विशेष लाभ और योजनाओं की सुविधा मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब की जनता के लिए सरकार ने जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किए बिना सत्ता नहीं छोड़ी जाएगी। आम आदमी पार्टी दिन-रात मेहनत करती रही है और करेगी, ताकि जनता को वास्तविक लाभ मिल सके। हरपाल सिंह चीमा ने यह भी कहा कि सरकार किसी भी वर्ग के लोगों के बीच भेदभाव नहीं करेगी। सभी योजनाएं और फैसले समान रूप से लागू किए जाएंगे। उनके अनुसार, आम आदमी पार्टी का मकसद है कि



विकास और योजनाओं का लाभ सभी तक पहुँचे और किसी के साथ अन्याय न हो। सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में काम करके यह सुनिश्चित किया है कि जनता को वास्तविक लाभ मिले और वादे सिर्फ कागज पर ही नहीं, बल्कि जमीन पर भी पूरे हों। इस तरह, पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपनी नीतियों और बजट के माध्यम से जनता की भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी इसी दिशा में काम करती रहेगी। साथ ही, पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने कहा कि इस अंतिम बजट को लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार पहली ऐसी सरकार है जिसने सत्ता में आने से पहले किए गए सभी वादों को पूरा किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन वादों को पहले पूरा नहीं किया गया था, उन्हें भी पूरा किया गया और यह सब पंजाब के लोगों के भले के लिए किया गया। बरिंदर गोयल ने स्पष्ट किया कि यह आखिरी बजट है, लेकिन भविष्य में जो भी बजट आएंगे, वे भी आम आदमी पार्टी की सरकार ही पेश करेगी और जनता के हितों को प्राथमिकता मिलेगी।

# मोल्डोवा से गैंगस्टर अमृत दालम हिरासत में, पंजाब पुलिस का अंतरराष्ट्रीय अभियान सफल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर चलाए जा रहे 'गैंगस्टरों पर वार' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के सदस्य अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत दालम को मोल्डोवा सीमा से हिरासत में लिया गया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।
डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, अमृत दालम को हिरासत में लेने में अंतरराष्ट्रीय समन्वय और पंजाब पुलिस की निरंतर फॉलो-अप कार्रवाई निर्णायक साबित हुई।



पंजाब पुलिस ने इस मामले में विदेश मंत्रालय (MEA), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), इंटरपोल और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से कार्रवाई की। अमृत दालम के खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। पंजाब पुलिस ने हाल ही में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) काउंटर इंटेलिजेंस अशिश चौधरी की अगुवाई में ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्स्ट्राडिशन सेल (OFTES) का गठन किया था। इसका उद्देश्य विदेशों में छिपे अपराधियों को ट्रैक करना और उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत वापस लाना है। जानकारी के अनुसार, बटाला के दालम नंगल गांव का रहने वाला अमृत दालम जग्गू भगवानपुरिया गिरोह से जुड़ा हुआ है। वह नकली पासपोर्ट का उपयोग कर विदेश भाग गया था। अमृत दालम अमृतसर क्षेत्र में उच्च पदस्थ व्यक्तियों और कारोबारियों को निशाना बनाकर फोन के माध्यम से फिरौती की मांग करने में सक्रिय रहा। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमृत दालम पंजाब में नशीले पदार्थों की तस्करी, हत्या और हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर अपराधों में वांछित था और लंबे समय से फरार था। अब उसकी हिरासत में लेकर प्रत्यर्पण/डिपोर्टेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि उसे जल्द ही कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। डीजीपी ने कहा कि ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्स्ट्राडिशन सेल (OFTES) इस समय भी विदेशों में छिपे विभिन्न अपराधियों को पकड़ने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस सफलता से पंजाब पुलिस की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों को ट्रैक करने की क्षमता स्पष्ट रूप से सामने आई है।

## विजिलेंस ब्यूरो ने रिश्वत लेते ड्रग इंस्पेक्टर किया काबू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो (वीबी) ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अपने अभियान के दौरान एफ.डी.ए. ड्रग विंग, श्री मुक्तसर साहिब में तैनात ड्रग इंस्पेक्टर रमनदीप गुप्ता को 1,00,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है।
आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को बठिंडा के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता रेडिनेक्स लाइफ साइंसेज़ प्राइवेट लिमिटेड, बठिंडा का डायरेक्टर है और उसकी कंपनी वर्ष 2020 से एलोपैथिक दवाइयों



का निर्माण कर रही है। आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी के बाद उसकी कंपनी को सील कर दिया था। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर कंपनी से सील हटाने के बदले उससे दो लाख रुपये प्रति माह रिश्वत की मांग कर रहा है। किसी भी प्रकार की रिश्वत देने का इरादा न होने के कारण शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज, बठिंडा से संपर्क किया। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में 1,00,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना बठिंडा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## गमाडा ई-नीलामी में 3,137 करोड़ रुपये जुटे

समर न्यूज़ | मोहाली

ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) की संपत्तियों की ई-नीलामी में कुल 3,136.97 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। 42 संपत्तियों में से 37 पर सफल बोली लगी। आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने इसे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की निवेशक-अनुकूल नीतियों की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि नीलामी में यथार्थवादी मूल्य निर्धारण और बाजार के अनुकूल रणनीति के कारण निवेशकों का उत्साह बढ़ा। मंत्री ने यह भी बताया कि प्राप्त राजस्व का उपयोग गमाडा क्षेत्र में विकास कार्यों और नई परियोजनाओं के लिए किया जाएगा, जिससे मोहाली क्षेत्र में विकास को और गति मिलेगी।

## सरपंच की मौत, नशा तस्करों ने किया हमला

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर जिले के गांव बूटा छन्ना के सरपंच और जमहूरी किसान सभा के नेता महिंदर सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। 28 फरवरी को कथित तौर पर नशा तस्करों ने उन पर हमला किया था, जिसके बाद से वह गंभीर रूप से घायल थे और निजी अस्पताल में भर्ती थे। परिवार ने उन्हें 2 मार्च को जालंधर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हमले में सरपंच के सिर पर गहरी चोट आई थी, जिससे उनकी सिर की हड्डी तक



टूट गई थी। साथ ही, दोनों टांगों में फ्रैक्चर आया था। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अरमान अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद महतपुर क्षेत्र के लोगों और किसान जत्थेबंदियों ने थाना महतपुर के बाहर प्रदर्शन किया। आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए। बताया गया कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच हमलावरों ने सरपंच पर हमला किया था। किसान नेताओं और ग्रामीणों का आरोप है कि महिंदर सिंह पंजाब सरकार की "युद्ध नशे विरुद्ध" मुहिम के तहत लगातार चिट्टा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दे रहे थे। इसी कारण नशा तस्करों ने उन पर हमला किया। स्थानीय लोग अब मांग कर रहे हैं कि सरपंच महिंदर सिंह को शहीद का दर्जा दिया जाए और गांव के स्कूल का नाम उनके नाम पर रखा जाए।

## शादी के एक महीने बाद पत्नी की हत्या

अमृतसर | अमृतसर के जंडियाला गुरु हलके में शादी के एक महीने बाद पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया गया कि दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल में उनके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दिया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदलने पर जताई नाराजगी

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने और राज्य सरकार के रवैये को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि कार्यक्रम ऐसी जगह रखा गया जहां लोगों का पहुंचना मुश्किल था, जिससे आदिवासी समुदाय के कई लोग इसमें शामिल नहीं हो सके।



राष्ट्रपति ने कहा कि मूल रूप से यह कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होना था, जहां पर्याप्त जगह थी और अधिक संख्या में लोग शामिल हो सकते थे। लेकिन सुरक्षा और अन्य व्यवस्थागत कारणों का हवाला देकर कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि छोटा स्थल होने के कारण कई लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, जिससे उन्हें निराशा हुई। मुर्मू ने यह भी कहा कि उनके नॉर्थ बंगाल दौरे के दौरान न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उन्हें रिसीव करने पहुंचा। प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के स्वागत के लिए आमतौर पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि मुख्यमंत्री उनसे नाराज हैं या नहीं, लेकिन इससे उन्हें व्यक्तिगत तौर पर कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी उनके लिए छोटी बहन जैसी हैं और वह खुद भी बंगाल की बेटी हैं। इस विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है और उसकी गरिमा हमेशा बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोग इस घटना से दुखी हैं। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल पर टिप्पणी करने से पहले भाजपा शासित राज्यों की स्थिति भी देखनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति के नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

महिला दिवस

### मुख्यमंत्री मान ने लड़कियों को पंजाब विकास में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया

# पंजाब में युवाओं को मेरिट के आधार पर दी गई सरकारी नौकरियों: मुख्यमंत्री मान

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज लड़कियों को राज्य और देश के विकास में बराबरी का भागीदार बनने का आह्वान किया। लुधियाना में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन, अर्थव्यवस्था और राजनीति में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना पंजाब देश का अग्रणी राज्य नहीं बन सकता।
मुख्यमंत्री ने महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरियों में अब मेरिट और योग्यता के आधार पर भर्ती की जा रही है। पिछले पांच वर्षों में 63,000 से अधिक सरकारी नौकरियाँ दी गई हैं, जिनमें से अधिकांश लड़कियों को मिली हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं के लिए अग्निशमन सेवाओं में शामिल होने का रास्ता खोला गया है और प्रशासनिक सेवाओं में महिला अधिकारियों की संख्या में वृद्धि हुई है।
मुख्यमंत्री ने युवतियों को राजनीति में आने और निर्णय-निर्माण प्रक्रिया




में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "जब महिलाएँ सार्वजनिक नीति और नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तभी मजबूत लोकतंत्र और प्रगतिशील पंजाब का सपना साकार होगा।" उन्होंने महिलाओं से अपने मताधिकार का विवेकपूर्ण उपयोग करने की भी अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि महिला अधिकारियों की नियुक्तियों ने सामाजिक समस्याओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिन जिलों में महिला डिप्टी कमिश्नर कार्यरत हैं वहाँ भ्रूण हत्या की दर सबसे कम है। मुख्यमंत्री ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में पहली बार बिना भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के इतनी बड़ी संख्या में नौकरियाँ दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रेरक उदाहरणों के रूप में स्वतंत्रता सेनानियों जैसे दुर्गा भाभी और माई भागो का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पंजाब की बेटियाँ इन आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।
इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं और पंजाब देश का पहला राज्य बनेगा जहाँ अग्निशमन सेवाओं में भी लड़कियाँ शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सही अवसर मिलने पर वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार भविष्य में भी महिलाओं के लिए समानता, न्याय और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

## बठिंडा की नवनीत कौर ने UPSC में हासिल किया 111वां रैंक

समर न्यूज़ | बठिंडा

बठिंडा की 24 वर्षीय नवनीत कौर ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 111वां स्थान हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है।



यह सफलता उन्होंने अपनी तीसरी कोशिश में प्राप्त की है। बठिंडा के गोनियाना रोड स्थित ओमैक्स सिटी की रहने वाली नवनीत कौर ने बताया कि सिविल सेवक बनना उनका बचपन का सपना था। उन्होंने कहा कि वह हमेशा एक अधिकारी बनकर समाज के लिए काम करना चाहती थीं और भविष्य में लाइब्रेरी खोलकर शिक्षा को बढ़ावा देने की योजना भी रखती हैं। नवनीत ने अपनी स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमेन से अंग्रेजी विषय में पूरी की। इसके बाद उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया से अंग्रेजी में एमए किया। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी जामिया मिलिया इस्लामिया की रेजिडेंशियल कोचिंग अकादमी से की, जहां उन्हें मुफ्त कोचिंग की सुविधा मिली। नवनीत के पिता जसवंत सिंह और माता परमिंदर कौर दोनों सरकारी स्कूलों में शिक्षक है।